बर्षः- 05
अंकः- 313
मुरादाबाद
(Monday)
09 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

महिलाओं में दम, हम नहीं हैं किसी से कमः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अनोखा संदेश

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की उपलब्धियों और शक्ति की सराहना की। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सही अवसर और सहयोग मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन और उद्यमिता के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिए आत्मनिर्भर बनकर विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और गांव के विकास में नेतृत्व भी कर रही हैं।महिलाओं में दम, हम किसी से नहीं हैं कम%- मुर्मू ने आगे कहा कि महिलाओं में दम है, हम किसी से कम नहीं। हम में भी शक्ति है। उनका कहना था कि अगर महिलाओं

को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सास को अपनी बेटी और बहू के बीच भी फर्क नहीं करना चाहिए और बहू को भी बेटी की तरह सम्मान मिलना चाहिए। उनके अनुसार असली समानता तब शुरू होती है जब हर महिला को बेटी के रूप में सम्मान दिया जाए।मुर्मू ने शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की- राष्ट्रपति मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने किया था, जिसमें प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद करते हुए कहा कि किसी समाज की प्रगति का सही मापदंड यह है कि वहां की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। महिलाओं के लिए चल रहीं कई योजना- मुर्मू- उन्होंने बताया कि भारत सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। इनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और मिशन शक्ति जैसी योजनाएं शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं सिर्फ नौकरी करने वाली नहीं, बल्कि रोजगार देने वाली भी बन रही हैं। स्टार्टअप इंडिया के तहत समर्थित कई स्टार्ट-अप में महिला निदेशक हैं और सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर दो लाख से ज्यादा महिला-स्वामित्व वाले एमएसएमई सक्रिय हैं। ग्रामीणों महिलाओं के लिए योजना का किया जिक्र-राष्ट्रपति ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार देने के लिए बजट 2026-27 में शी-मार्ट पहल शुरू की गई है, जिसके तहत हर जिले में समुदाय द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट बनाए जाएंगे। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों से अपील की कि वे हर बेटी को शिक्षा, सम्मान और अवसर देने का संकल्प लें, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दें और समाज से हर तरह के भेदभाव को खत्म करने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि ऐसा करके भारत दुनिया के सामने महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण पेश कर सकता है।

संक्षिप्त समाचार

शंकराचार्य बोले, गाय के मांस से आय करने वालों को सनातन समाज कभी माफ नहीं करेगा

शंकराचार्य ने कहा कि बटुकों की चोटी खींचने का कार्य कोई विधर्मी ही कर सकता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार को लालगंज पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मीडिया और अनुयायियों को संबोधित किया। बृजेंद्र नगर के दुर्गा माता मंदिर परिसर में शंकराचार्य ने कहा कि जो व्यक्ति गौ माता को मानता है वह उस पर अत्याचार नहीं कर सकता। जो ऐसा करता है, वह किसी भी दशा में हिंदू नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि गाय के मांस से आय करने वालों को सनातन समाज कभी माफ नहीं करेगा।उन्होंने प्रयागराज में बटुकों के साथ हुई मारपीट और उनकी चोटी खींचने की घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। करने वाले दोषियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई विधर्मी करता तो समझ में आता, लेकिन जो खुद को हिंदू कहते हैं और हिंदुओं के वोट से सत्ता में आते हैं, उन्हीं के शासन में ऐसी घटनाएं होना चिंताजनक है।शंकराचार्य ने कहा कि चोटी सनातन धर्म की ध्वजा के समान है। चोटी खींचना सनातन धर्म की ध्वजा पर प्रहार करने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसी घटनाओं पर कार्रवाई नहीं होती और पुलिस भी ऐसा करती है या उसका समर्थन होता है, तो वहां हिंदुओं की सरकार कैसे मानी जा सकती है।

यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान, राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर TMC पर बरसे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम के बहिष्कार को लेकर टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे संविधान व लोकतंत्र का अपमान बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है।प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाय टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं।

इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार- प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं। राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त- इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन बताया है।

मायावती बोलीं - राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुआ घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता को दी सीख

बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके पद के अनुसार प्रोटोकॉल न मिलने पर नाराजगी जताई और कहा कि जो भी हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण था।बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। सभी को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का सम्मान करना चाहिए।उन्होंने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि भारतीय संविधान के आदर्श व मान-मर्यादा के मुताबिक सभी को मा. राष्ट्रपति पद का सम्मान करना एवं इनके प्रोटोकाल का भी ध्यान रखना जरूरी है तथा इस पद का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है।वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ वे आदिवासी समाज से भी हैं लेकिन अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी प्रकार, पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष के पद का भी जो राजनीतिकरण कर दिया गया है यह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदर-सम्मान करना चाहिए व उनकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिये तो यह बेहतर होगा। इसी क्रम में संसद का कल से शुरू हो रहा सत्र देश व जनहित में पूरी तरह से सही से चले यही लोगों की अपेक्षा व समय की भी मांग है।बता दें कि राष्ट्रपति जब बंगाल में आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचीं तो प्रोटोकॉल के अनुसार उनके स्वागत के लिए न ही मुख्यमंत्री मौजूद रहीं और न ही कोई मंत्री। इसके पहले कार्यक्रम स्थल को भी बदल दिया गया जिसे लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नाराजगी जताई।

सीएम ममता का पलटवार, कहा- बंगाल को निशाना बनाया जा रहा, नहीं हुआ प्रोटोकॉल का उल्लंघन

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की जिम्मेदारी निजी आयोजकों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की थी। राज्य सरकार को कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी, इसलिए उस पर अव्यवस्था या प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है।पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी निजी आयोजकों और

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की थी। इसलिए अगर कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं पर आती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी और न ही सरकार को इस आयोजन में शामिल किया गया था। उनके मुताबिक, जब राज्य सरकार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ही नहीं थी, तो उस पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। सीएम ममता ने यह भी कहा कि गंदगी, ग्रीन रूम की समस्या और महिलाओं के टॉयलेट की कमी जैसी शिकायतें भी आयोजकों और एएआई की जिम्मेदारी हैं।पीएम मोदी के आरोपों पर पलटवार- मुख्यमंत्री ने कोलकाता के केंद्रीय धरना स्थल से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी सरकार पर राष्ट्रपति का अपमान करने का आरोप लगाया, जबकि वास्तविकता अलग है। उन्होंने प्रधानमंत्री की एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि तस्वीर में प्रधानमंत्री बैठे हैं और राष्ट्रपति खड़ी हैं। सीएम ममता ने कहा कि हम कभी ऐसा नहीं करते। यह भाजपा की संस्कृति है, हम कभी राष्ट्रपति का अपमान नहीं करते। संविधान का पूरा सम्मान करती हैं बंगाल सरकार- ममता- ममता बनर्जी ने यह भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल सरकार राष्ट्रपति के पद और संविधान का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और राज्य सरकार हमेशा उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। राष्ट्रपति का सम्मान हर सरकारी की जिम्मेदारी- ममता- उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि राज्य सरकार की छवि खराब की जा सके। ममता बनर्जी ने दोहराया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे के दौरान अपनी तरफ से सभी जरूरी सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और संविधान का सम्मान करना हर सरकार और नागरिक की जिम्मेदारी है, और पश्चिम बंगाल सरकार इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाती है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः सीएम योगी बोले- बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेटियों में अब खूब आत्मविश्वास है। उन्हें सुरक्षा दी जा रही है। बेटियां पर किसी पर निर्भर नहीं रहेंगी। जन्म के बाद से ही उनका नाम रजिस्टर होते ही उनके अकाउंट में पैसे आ जाएंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार महाकुंभ 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों में खूब आत्मविश्वास होता है। उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सुरक्षा मिले। प्रदेश में अब कानून का राज है। बेटियों की सुरक्षा

में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी। अगर किसी शोहदे ने बेटियों से अभद्रता की तो चौराहे पर यमराज के दूत उसका टिकट काटने के लिए बैठे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना से प्रदेश की करीब 27 लाख बेटियां लाभांवित हो रही हैं। अब बेटियां किसी पर बोझ नहीं हैं। बेटी पैदा होती है और उसका नाम रजिस्टर में चढ़ता है तो उसके अकाउंट में पैसे आ जाते हैं। बेटियां किसी पर अब निर्भर नहीं रहेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान किया। महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में न सिर्फ आधी आबादी का सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी मिले। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र व आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि का डीबीटी अंतरण भी किया। उन्होंने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से संवाद भी स्थापित किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटियों को विकास के समान अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। 1947 से 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या करीब 10 हजार थी जो कि अब 44 हजार से ज्यादा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों में अब खूब आत्मविश्वास है।

संपादकीय Editorial

For Women Tourists

In search of a unique tourism offering within its tourism sector, Himachal Pradesh has begun work on the preliminary blueprint for the "She-Stay" scheme. The three-phase plan aims to enhance the female tourist experience by ensuring a safe environment, agile hospitality, sophisticated arrangements, and women's participation. Signing a signature assurance on the selection and authenticity of She-Stay properties, the scheme is developing a unique path through the "She Shield" mobile app, offering a locator, travel planner, diversified attractions, cultural exchange, and women's empowerment. While the individual steps of independent women define Himachal, the state's infrastructure development and collaboration with the private sector can also open up a new avenue of possibilities. The "She-Stay" concept is a branch of youth tourism, which has been seeking avenues of relaxation in Himachal's interior, tribal, and rural areas for the past decade. This segment is becoming a conduit for spiritual energy in Himachal's tranquility and experiencing the pristine nature of its culture. Many such youth groups either come here with the unique initiative of spending two or three months with their professional projects or seek a place in Himachal to rekindle the friendships they have shared throughout their education. Most IT professionals want to escape the stress and pressures of the corporate world and return to the mountains, refreshed by the weather, the purity, gentleness, and the generosity of the pollution-free environment. If Himachal wants to go a step further by increasing the participation of young women, then many of the state's rest houses, government hotels, homestays, and private tourism units should ensure that they are authorized for "she-stays." This is easily accomplished, but the biggest problem is women traveling. While the Himachal Transport Corporation can certainly conduct several successful experiments in this direction, the tourism and transport corporations will have to safely manage all stays within the package, from bookings to local sightseeing. One of the budgetary units for women's stay needs could be the HRTC's modern bus stands. If hotels are not possible, special hostels could be built within the bus stand premises. Furthermore, the HRTC could operate tourist taxis in collaboration with the private sector, making prepaid taxi services easier to travel within Himachal. Temple trusts could also provide safe shelter to women travelers by building special hostels within their premises, similar to pilgrimage stops. Local bodies at tourist destinations will now have to become ambassadors of tourism within their jurisdictions. Local bodies at tourist centers can develop properties based on their potential, where women tourists can find safe shelter. The state's Language and Culture Department and Tribal Administration should conduct such experiments to increase the number of women travelers and ensure their safe monitoring. All universities, medical colleges, and IT-affiliated educational institutions could make arrangements to give priority to women in the stays of young entrepreneurs, scholars, researchers, and professionals. If the Chaituduru IT Park, which has been under construction for a year and a half, is unable to accommodate IT companies, it should at least be converted into a work-from-home and living space for the young IT professionals traveling to Dharamshala from across India. Himachal is gaining popularity due to young tourists, and the participation of women among the visiting food and travel bloggers has also increased. Therefore, many events can be planned in collaboration with the youth visiting Himachal.

Bihar Without Nitish

Nitish Kumar is certainly going to the Rajya Sabha, but given the way he brought Bihar back on track and overcame numerous problems during his nearly 20-year rule, his successor will face the challenge of rapidly moving the state forward. Nitish Kumar resigned as Chief Minister of Bihar. He filed his nomination for the Rajya Sabha, possibly citing health reasons. Political speculation is rife over the selection of a new Chief Minister in Bihar. After the Bihar Assembly elections, there were speculations that Nitish Kumar, who was sworn in as Chief Minister for the tenth time, would not complete his five-year term. However, it was unlikely that he would decide to leave the reins of Bihar and go to the Rajya Sabha within five months. But ultimately, that is what is happening. He has filed his nomination for the Rajya Sabha, and now the wait is on to determine who will succeed him as Chief Minister. The question remains unanswered: will the state be led by a Janata Dal (United) leader or the BJP? The most likely scenario is that the Chief Minister's post will go to the BJP and the Deputy Chief Minister's post to the Janata Dal-United. However, it's difficult to say whether Nitish Kumar's son, Nishant Kumar, will enter politics and play a role in the new government. What is clear is that Nitish Kumar's long tenure as Chief Minister is coming to an end. This, in a way, marks the end of an era. Nitish Kumar's reasoning for his Rajya Sabha election was his desire to enter the upper house of Parliament, but this doesn't seem very convincing, as it doesn't seem natural for a Chief Minister and the supreme leader of his party to leave the reins of the state to serve in the Rajya Sabha. It's possible that Nitish Kumar decided to step down as Chief Minister due to health reasons. If this is indeed the primary reason for his decision to resign from the Chief Minister's post and join the Rajya Sabha, he deserves praise, as it is rare in today's world for leaders to relinquish such a high-ranking position due to poor health. As soon as news of his Rajya Sabha election surfaced, the opposition parties' cries of "the BJP forced Nitish Kumar to resign as Chief Minister" are exaggerated, as he is no ordinary leader. It's true that the BJP is the largest party in the Assembly, but the JD(U) is only four seats short of it. It's also worth noting that the JD(U) is in a much better position than in the previous Assembly. Therefore, any assessment that the BJP forced him to resign as Chief Minister cannot be justified. Nitish Kumar is certainly going to the Rajya Sabha, but given the way he has brought Bihar back on track and overcome numerous problems during his nearly 20-year tenure, his successor will face the challenge of rapidly moving the state forward.

Industry should come forward and showcase its potential through innovation.

Prime Minister Modi, in a post-budget webinar on "Technology, Reforms, and Finance for a Developed India," urged Indian companies to come forward with new investments and innovation. He urged industry to leverage the budget announcements and invest in research and development to remain globally competitive. He urged industry to increase innovation and investment. Industry should invest in R&D to remain globally competitive. The "Reform Partnership Charter" will form the foundation of a developed India. Addressing a post-budget webinar on "Technology, Reforms, and Finance for a Developed India," Prime Minister Modi stated that Indian companies should come forward with new investments and innovation and should demonstrate their proactiveness. He also urged industry to take advantage of the budget announcements. Ideally, there should be no need for such a push; industry should become proactive on its own. This is not the first time the Prime Minister has urged industry to showcase its potential through innovation. He has also been advocating that the industry should become capable of facing global competition and invest in research and development. Ironically, even our big businessmen, who have no shortage of capital, are not doing this. In the name of innovation, they mostly take on new projects that can generate quick profits. This is why they are unable to develop products that are in demand both domestically and globally. It is not unusual that despite becoming the fourth largest economy, only a few Indian products have some recognition and reputation globally. It is also no secret that due to a lack of funding for research and development, Indian industry is unable to compete with Chinese products and is unable to easily sell its products in the global market. While China's industry appears to be leading economic growth, Indian businesses are reluctant to even respond to government incentives. With the exception of a few business groups, our businesses generally are not actively pursuing global productivity. They are also not enthusiastic about making the quality of their products world-class. At a time when the government is signing free trade agreements with one country after another, and as a result, the markets of many developed countries will soon be accessible to Indian industry, they must gear up to take full advantage of these agreements. This is all the more so because the government is continuously striving to simplify procedures and improve ease of doing business. It would be appropriate that the 'Reform Partnership Charter', which the Prime Minister talked about, establishes cooperation between the government, industry, financial institutions, and academia, be seriously implemented so that it can become a strong foundation for a developed India.

Corruption in the Judiciary: Concrete Measures Needed

Corruption is not limited to any one aspect of the system. It pervades every aspect of the system, and the worrying thing is that it doesn't seem to be curbed. The CJI objected to judicial corruption in the new NCERT textbook. Teaching eighth-grade students about judicial challenges is a matter of controversy. Concrete measures are needed to address corruption in the judicial system. It's bound to be debated whether it's appropriate to teach eighth-grade students that corruption, a high backlog of cases, and a shortage of judges are among the challenges facing the judicial system. Since the Chief Justice of the Supreme Court objected to the revised chapter titled "The Role of the Judiciary in Our Society" in the new social science textbook of the National Council of Educational Research and Training (NCERT), stating that it appears to be a deliberate move, it's possible that the chapter may be removed from the book. However, if this happens, it won't eliminate the issue of corruption in the judiciary. Numerous cases of corruption in the judiciary have surfaced and are widely discussed. The most recent case of corruption involving former Delhi High Court judge Yashwant Verma was the subject of widespread controversy. Crores of rupees in half-burnt currency notes were recovered from his residence. Since the impeachment process against him has not yet been completed, he remains in office. Several other judges have also been embroiled in corruption. Impeachment proceedings were initiated against several of these judges, but none of them reached their conclusion. This does not mean that corruption exists in the judiciary. The previous NCERT textbook also mentioned the judiciary, but it was limited to the structure and role of the courts. It is difficult to understand why NCERT revised the text on the judiciary and, while providing details of pending cases, also cited former Supreme Court Chief Justice B.R. Gavai's statement that incidents of corruption within the judiciary negatively impact public trust. It's possible that he might offer an explanation, but the question arises: does this book also address the corruption prevalent in the executive and legislature in such detail? Corruption isn't limited to any one part of the system. It pervades every aspect of the system, and the worrying thing is that it doesn't seem to be curbed. It's difficult to say what benefit will be served by educating schoolchildren about "corruption in the judiciary," but there's no doubt that concrete measures must be taken to curb corruption, which pervades every sector, including the judicial system.

डॉक्टर की हत्या पूर्व साथी ने ही कराई थी, हत्यारों को दी थी 10 लाख की सुपारी

मुरादाबाद। नगीना क्षेत्र में डॉक्टर हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल के विवाद और पुरानी रंजिश के चलते इस हत्या की साजिश रची गई थी, जिसमें एक डॉक्टर ने ही सुपारी देकर हत्या करवा दी। 5 मार्च की शाम अभियुक्त विकास उर्फ छोटू निवासी ग्राम तिबड़ी थाना धामपुर फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट दिखाने के बहाने शिवालय हेल्थ केयर सेंटर पहुंचा। वहां डॉक्टर राजकुमार मरीज देख रहे थे। इसी दौरान रिपोर्ट दिखाने के बहाने करीब पहुंचकर विकास ने डॉक्टर राजकुमार पर तमंचे से गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।शनिवार को पुलिस ने विकास, आर्यन उर्फ राजननिवासी मधी हाल निवासी ग्राम जैतरा थाना धामपुर, तथा डॉ. नीरज कुमार निवासी ग्राम तिबड़ा थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि 2018 में गाजियाबाद के एक अस्पताल में डॉ. नीरज और डॉ. राजकुमार साथ काम करते थे और दोनों में दोस्ती भी थी। 2022 में दोनों ने नगीना-धामपुर रोड पर सुमित्रा हॉस्पिटल खोला था। अस्पताल की आय से पहले डॉ. नीरज के लोन का भुगतान करने की बात तय हुई थी, लेकिन मनमुटाव के कारण वर्ष 2023 में डॉ. राजकुमार बिना पूरा हिसाब-किताब किए अलग हो गए। जनवरी 2024 में डॉ. राजकुमार ने शिवालय हेल्थ केयर सेंटर नाम से अपना अलग अस्पताल शुरू कर दिया, जिससे सुमित्रा हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या कम होने लगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। अभियुक्त विकास ने बताया कि डॉ. नीरज ने करीब छह महीने पहले हत्या की योजना बनाई थी और उसे 10 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी, जिसमें से करीब 2 लाख 20 हजार रुपये एडवांस भी मिल चुके थे। घटना को अंजाम देने के लिए उसने तमंचा अपने साथी राजन से लिया था।पुलिस का कहना है कि अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।



6 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा 3.96 लाख का हर माह बोझ

मुरादाबाद। सिलेंडर महंगा होने से जिले के 6 लाख उपभोक्ताओं पर 3.96 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। शनिवार को भारत सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 114.50 रुपये बढ़ा दिए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 25 दिन बाद हो सकेगी और सिलेंडर की पर्ची लेने से पहले एजेंसी पर ओटीपी देना होगी। इसके बाद सिलेंडर की डिलीवरी हो पाएगी। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं में रोष है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं में काफी गुस्सा है वह कहती हैं कि सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर एक दम 60 रुपये बढ़ा दिए हैं। महिलाओं ने गैस सिलेंडर पर बढ़े हुए दाम वापस लिए जाने की मांग की है। कहा कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बढ़ जाएगा जबकि, आमदनी कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस ओर कदम उठाना चाहिए। अब सिलेंडर की कीमत 873 रुपये 50 पैसे से बढ़कर 933 रुपये 50 पैसे हो जाएगी।सरकार दाल-रोटी महंगी कर अब आम लोगों के घरों का चूल्हा भी बंद कराना चाहती है। अगर रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं तो कई गरीबों के घर के चूल्हे बंद हो जाएंगे। सरकार को गरीब लोगों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की जरूरत है। - अपर्णा सक्सेना सरकार महंगाई आए दिन बढ़ा रही है लोगों को दो वक्त की रोटी कमाना मुश्किल हो रही है। सिलेंडर पर 60 रुपये बढ़ाया जाना उचित नहीं है। सरकार बढ़ाए गए दाम को वापस ले ताकि, मध्यम वर्ग के रसोई का बजट नहीं बिगड़े। - रीनू तिवारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार ने एक दम प्रति सिलेंडर 60 रुपये बढ़ा दिए हैं। जिसके कारण मध्यम वर्ग के रसोई का बजट गड़बड़ा जाएगा। पहले सिलेंडर पर 1 रुपये बढ़ने पर शोर मच जाता था लेकिन, अब कभी 50 रुपये तो कभी 60 रुपये बढ़ा दिए जाते हैं। अनु श्री ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल पर सरकार ने 114 रुपये 50 पैसे बढ़ा दिए हैं। सिलेंडर महंगा होने से महंगाई बढ़ेगी। रामपुर में 6 लाख उपभोक्ता हैं और उनपर प्रति माह 3 करोड़ 96 लाख का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

फिल्मी अंदाज में कूलरों से लदी पिकअप लूटी, बदमाश चालक को झांसा देकर फरार

मुरादाबाद। संभल जनपद के असमोली थाना क्षेत्र में अमरोहा से बहजोई जा रही कूलरों से लदी महिन्द्रा पिकअप गाड़ी को कार सवार बदमाश फिल्मी अंदाज में लूट ले गए। बदमाशों ने चालक को कूलर गिरने की आवाज बताकर गाड़ी रुकवाई और जैसे ही चालक नीचे उतरकर रस्सी कसने लगा, उसी दौरान बदमाश पिकअप लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है। गाड़ी चालक शाहिद हुसैन ने बताया कि वह अमरोहा में आनंद पिक्कर हॉल के पास रहने वाले मोहम्मद शाकिर के यहां से महिन्द्रा पिकअप (नंबर UP 23 T 5155) में करीब 20 कूलर लादकर संभल जिले के बहजोई स्थित अगस फर्नीचर के मालिक मुकुल के यहां लेकर जा रहा था। सोमवार तड़के करीब 4ः30 बजे जब वह संभल-जोया मार्ग पर स्थित मीत बिक्र बर्क ईंट भट्ठे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही एक शिफ्ट कार में सवार तीन-चार बदमाशों ने आवाज लगाई कि उसकी गाड़ी से कूलर गिर रहा है। यह सुनकर चालक ने गाड़ी रोक दी। चालक के अनुसार वह नीचे उतरकर कूलरों की रस्सी कसने लगा, तभी बदमाशों में से एक पिकअप में बैठ गया और कूलरों समेत गाड़ी लेकर मनोटा की ओर फरार हो गया। चालक कुछ दूर तक शोर मचाते हुए गाड़ी के पीछे दौड़ा, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से भाग निकले। इसके बाद चालक पास के ईंट भट्ठे पर पहुंचा और वहां मौजूद एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर डायल 112 पर कॉल करने का प्रयास किया। कॉल न लगने पर उसने घटना की जानकारी कूलर के मालिक मोहम्मद शाकिर को दी, जो मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित को साथ लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

बुद्धि विहार हत्याकांड : दूसरे धर्म की प्रेमिका से नहीं हुई शादी, हार्दिक करने लगा था बहन से नफरत

मुरादाबाद। बहन की हत्या करने वाले भाई को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बहन पर चाकू से हमला करने के दौरान हैवान बन गया, उसने 40 वार किए। मां पर भी चाकू से हमला किया, गनीमत रही कि चीख-पुकार सुनकार पड़ोसियों के पहुंच जाने से उनकी जान बच गई। कहा जा रहा है कि दूसरे धर्म की गर्लफ्रेंड से शादी नहीं हो पाई तो वह बहन से नफरत करने लगा था। थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार सेक्टर दो में गणेश पार्क के नजदीक रहने वाली नीलिमा शर्मा इंश्योरेंस कंपनी में काम करती हैं। जबकि उनके जुड़वा बच्चे बेटा हार्दिक और बेटी हिमशिखा कंपनी में नौकरी करते थे। हिमशिखा आइटी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर थी। हार्दिक पहले गूगल कंपनी में काम करता था। बाद में वह यू-ट्यूबर बन गया। स्थायी नौकरी नहीं होने के कारण वह अवसाद में चल रहा था। होली की छुट्टी में दोनों तीन मार्च को घर आए थे। शुक्रवार को नीलिमा आफिस गई थीं, जबकि हिमशिखा और हार्दिक घर पर ही थी। इस दौरान दोनों में झगड़ा हुआ और हैवान बने हार्दिक ने चाकू से बहन पर हमला कर ताबड़तोड़ वार किए। बहन की मौके पर ही मौत हो गई। कंबल में लपेटा बहन का शव- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक ने हिमशिखा के चेहरे, गर्दन, पेट, सीने पर 40 बार वार किए। इससे उसकी मौके पर ही मौत गई। बहन की मौत होने के बाद शव को कंबल में लपेटकर घर - ऑफिस से मां को गिफ्ट के बहाने बुलाकर लाया- घर से निकलकर सीधे मां के आफिस पहुंचा। आफिस में मां से बोला कि घर उनके लिए गिफ्ट रखा है, जल्दी चलो। मां ने मना किया तो जिद कर उन्हें साथ ले आया। मां जब घर में घुसी तो अंदर का हाल देखकर उनकी चीख निकल गई। इसके बाद हार्दिक ने उन पर भी चाकू से हमला किया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी इकट्ठा होने लगे तो हत्यारा कार में बैठकर फरार हो गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मां-बेटी को अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में चिकित्सकों ने हिमशिखा को मृत घोषित कर दिया। नीलिमा शर्मा का उपचार अभी चल रहा है। शादी का विरोध करने पर खोया आपा- गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हार्दिक ने बताया कि वह पहले उसके साथ कार्य करने वाली पुणे की युवती से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था, लेकिन दूसरा धर्म की होने के कारण मां और बहन विरोध करती थीं। बताया जा रहा है कि हार्दिक जब शादी के लिए मां और बहन को नहीं मना पाया तो उसका युवती के साथ ब्रेकअप को गया और वह अवसाद में चला गया। बहन ने उसे कई बार समझाया लेकिन उसकी हालत में सुधार भी आया। होली पर घर आने के बाद भी इस बात को लेकर विवाद हुआ। शुक्रवार को फिर से इस बात को लेकर हिमशिखा से झगड़ा हुआ तो वह अपना आपा खो बैठा और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर बहन की हत्या कर दी। वह मान रहा था कि बहन ही मां को शादी के विरोध के लिए भड़का रही है, इसलिए वह अंदर ही अंदर उससे नफरत करने लगा था। पड़ोसी भी रह गए स्तब्ध- पड़ोसियों का कहना है कि मां और बच्चों में एक दूसरे काफी लगाव था। हर त्योहार पर बच्चे घर आते और साथ में खुशियां मनाते। साथ ही घूमने भी जाते। हालांकि, हार्दिक लोगों से ज्यादा घुलता मिलता नहीं था। हार्दिक इतना बड़ा कदम उठाएगा यह किसी भरोसा नहीं हो रहा है। वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने हार्दिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

संक्षिप्त समाचार

वायु प्रदूषण बढ़ा तो खुली हवा में सांस लेना मुश्किल

मुरादाबाद। क्लीन एंड ग्रीन मुरादाबाद की संकल्पना को वायु प्रदूषण मुंह चिढ़ा रहा है। इन दिनों वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसमें वाहनों से निकलने वाला धुआं के अलावा सड़कों पर उड़ती धूल और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली हानिकारक गैस कारक बन रही है। प्रभावी नियंत्रण का उपाय न होने से वायु प्रदूषण के अनहेल्दी श्रेणी में पहुंचने से लोगों को खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एलर्जी, दमा व सांस संबंधित मरीजों को वायु प्रदूषण बढ़ने से और परेशानी बढ़ रही है। खुली हवा में सांस लेने के लिए मार्निंग वॉक करने वाले भी वायु प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। क्योंकि उस समय वातावरण में नमी होने के चलते दिक्कत होने से उन्हें मास्क लगाना पड़ रहा है। वहीं दिन में वाहनों का धुआं लोगों की सांसों में जहर घोल रहा है। नगर निगम की ओर से वायु प्रदूषण नियंत्रित करने का उपाय भी प्रभावी साबित नहीं हो रहा है। वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव व मैकेनिकल रोड क्लीनिंग भी प्रदूषण का स्तर कम नहीं कर पा रहा है। होलिका दहन से निकला धुआं अभी भी वातावरण में व्याप्त होने की बात कही जा रही है। मोहल्ले वायु गुणवत्ता सूचकांक श्रेणी चक्कर की मिलक 169 अनहेल्दी- चौधरपुर 167 अनहेल्दी हरथला 162 अनहेल्दी हयात नगर 194 अनहेल्दी कांशीराम नगर 166 अनहेल्दी खुशहालपुर 164 अनहेल्दी कोठीवाल नगर 174 अनहेल्दी लाजपत नगर 173 अनहेल्दी ट्रांसपोर्ट नगर 170 अनहेल्दी



अब बीएलओ के पाले में एसआईआर प्रक्रिया, फार्मों की मैपिंग में पारदर्शिता के निर्देश

मुरादाबाद। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की गेंद अब बीएलओ के पाले में है। मतदाता बनने के लिए जिन्होंने फार्म 6 भरकर जमा किया है उनकी मैपिंग कर पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य बीएलओ ही करेंगे। वहीं दावे व आपत्ति का समय बीतने के बाद अन्य औपचारिकता पूरी की जानी है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में दो बार निर्वाचन आयोग ने दावे व आपत्ति की आखिरी तारीख बढ़ाकर छह मार्च की थी। इस दिन तक डेढ़ लाख लोगों ने फार्म 6 भरकर मतदाता बनने के लिए दावा किया। इसमें अधिकांश नगर विधानसभा क्षेत्र के नागरिक हैं। जिसमें युवा वर्ग भी शामिल है। अब जमा किए गए फार्मों की प्रक्रिया बीएलओ को पूरी करनी है। इसके बाद मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन अगले महीने किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम का कहना है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में जो फार्म बीएलओ के पास रह गए होंगे उसे जल्द मैपिंग करने का निर्देश दिया है। आपत्तियों व दावों के संबंध में जमा किए गए डाक्यूमेंट का परीक्षण करने के बाद सूची में नाम शामिल करने या हटाने का कार्य होगा। अगले महीने मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

स्मार्ट सिटी बरेली में जल भराव से लोग हुऐ परेशान, मढ़ीनाथ शिव मंदिर के पास हालात बदहाल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। प्रदेश सरकार द्वारा शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने और सातों नाथ मंदिरों को तीर्थस्थल के रूप में संवारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं। मढ़ीनाथ रोड, वार्ड नंबर 13 स्थित शिव मंदिर के पास जलभराव की समस्या से स्थानीय लोग, राहगीर और स्कूली बच्चे काफी परेशान हैं। सड़क पर कई दिनों तक गंदा पानी भरा रहने से लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायत कई बार क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि स्मार्ट सिटी बरेली में लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने मचाया धमाल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में अनुपम नगर, बदायूँ रोड स्थित,क्वयरू मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत गाकर और डांस प्रस्तुत कर उत्साह और उमंग के साथ समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा

कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान माया सक्सेना, मीरा मोहन, मंजू लता, प्रीती सक्सेना, सीमा प्रधान, ममता जौहरी, कुसुमलता, संगीता सक्सेना, शालिनी सक्सेना, पूजा सक्सेना, शिखा सक्सेना, रजनी सक्सेना, गरिमा सक्सेना, दीपशिखा और अंशिका जौहरी सहित कई महिलाओं को उपहार और पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुधीर मोहन, श्याम दीप सक्सेना, अक्षय बिसारिया, शिवाजी सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

सुभाषनगर पुलिस ने अवैध तमंचा व धारदार हथियार के साथ किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सुभाषनगर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नरेन्द्र प्रताप गंगवार (42) निवासी गंगवार वाली गली, मढीनाथ क्षेत्र को पकड़ा। उसके पास से एक नाजायज 12 बोर तमंचा, दो जिन्दा कारतूस, दो छुरी और एक लोहे का बांका बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 134/2026 धारा 3/4/25/35 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तमंचा अपनी सुरक्षा के लिए रखता था और अदालत में अपने वकील के माध्यम से सफाई देगा।

सिविल सेवा के लिए 65 लाख की नौकरी छोड़ी, इसे कहते हैं आत्म विस्वास

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सुरेश शर्मा नगर निवासी आकाश गंगवार ने तीसरे प्रयास में यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 684 रैंक हासिल की है। आकाश ने 65 लाख रुपये का पैकेज छोड़कर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। आकाश ने बताया कि आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने एक कंपनी में नौकरी की। इसके बाद जोमैटो में सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर दो साल तक नौकरी की। यहां उनका पैकेज 65 लाख प्रति वर्ष का था। आईएएस बनने की चाह के चलते उन्होंने नौकरी छोड़ने का फैसला किया। मत्स्य विभाग में इंस्पेक्टर पिता के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों ने भी साथ दिया।

पूर्णागिरि धाम के लिए दो जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने उत्तर भारत के प्रसिद्ध माता पूर्णागिरि मेला के मद्देनजर दो जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन शनिवार से शुरू कर दिया। मेला का समापन 15 जून को होगा। तब तक इन मेला विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। यह विशेष गाड़ियां श्रद्धालुओं का सफर आसान बनाएंगी। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि 05308 बरेली जंक्शन-टनकपुर मेला विशेष गाड़ी बरेली जंक्शन से रोजाना रात 1:50 बजे चलने के बाद बरेली सिटी से 2:06 बजे, इज्जतनगर से 2:20 बजे, भोजीपुरा से 2¬38 बजे छूटेगी। ट्रेन पीलीभीत, न्योरिया हुसैनपुर, मझोला पकड़िया, खटीमा होते हुए सुबह 5:40 बजे टनकपुर पहुंचेगी। 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन मेला विशेष गाड़ी टनकपुर से रात 9:35 बजे चलने के बाद भोजीपुरा 11:57 बजे, इज्जतनगर 12:17 बजे, बरेली सिटी 12¬35 बजे और जंक्शन पर रात एक बजे आएगी। 05451 कासगंज-टनकपुर विशेष गाड़ी कासगंज से तड़के 4:35 बजे चलने के बाद 7¬20 बजे बरेली जंक्शन आएगी। बरेली सिटी 7:35 बजे, इज्जतनगर 7:55 बजे, भोजीपुरा 8:18 बजे और दोपहर 12¬15 बजे टनकपुर पहुंचेगी। 05452 टनकपुर-कासगंज मेला विशेष गाड़ी दोपहर 1¬10 बजे टनकपुर से चलने के बाद भोजीपुरा 7¬03 बजे, इज्जतनगर 4:22 बजे, बरेली सिटी 4¬40 बजे, बरेली जंक्शन 4¬55 बजे आएगी। यहां से चलने के बाद शाम 6¬02 बजे बदायूं और 10 बजे कासगंज पहुंचेगी।

बकाया टैक्स पर नगर निगम सख्त, तीन जोन में 12 भवन सील

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति की तारीख नजदीक आते ही कर वसूली के लिए कड़ा रवैया अपनाया। संपत्ति कर विभाग तीन जोन में निर्धारित समयावधि में बकाया कर जमा न करने वाले 12 भवन स्वामियों की संपत्तियों को शनिवार को सील कर दिया। मौके पर 7.59 लाख रुपये टैक्स की रिकवरी की है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि सुबह 11 बजे निकली टीमों ने जोन वन में सिविल लाइंस के राधे श्याम, बांसमंडी के दारुल उलूम की सम्पत्तियां सील की गईं। जोन-दो में बांसमंडी के मोहम्मद अजीज, आलमगिरीगंज के मुन्ना लाल, बांसमंडी के मैसर्स राम गोपाल व अनिल कुमार के भवन सील हुए। जोन-तीन में सूफीटोला के मकबूल अहमद, गोविन्द राम, प्रदीप कुमार, अनुपम अग्रवाल की संपत्तियों पर शिकंजा कसा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, और किसी को भी बकाया कर से बचने की छूट नहीं मिलेगी। सभी भवन व संपत्ति स्वामियों को चेतावनी दी है कि शीघ्र बकाया कर जमा करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

महिला दिवस पर हुआ अस्मिता लीग का आयोजन, लड़कियों ने दिखाई प्रतिभा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता लीग खेल का आयोजन हुआ। इस पहल का उद्देश्य 100/200/400 मीटर दौड़, रस्साकस्सी जैसे खेलों के माध्यम से ग्रामीण व छोटे शहरों की महिलाओं में शारीरिक फिटनेस, खेल भागीदारी और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। मेरा युवा भारत एवं खेलो इंडिया के समन्वय से अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। ?यह आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं की खेलों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्गों 13 वर्ष से कम, 13-18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक में आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं का तकनीकी संचालन अधिकृत प्रतियोगिता प्रबंधकों एवं खेल अधिकारियों द्वारा किया गया। प्रत्येक स्पर्धा एवं आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पदक प्रदान किए गए।

महिला दिवस पर पुलिस लाइन में सम्मान समारोह, प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ाया उत्साह

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में सम्मान समारोह एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) की जनपदीय अध्यक्षा किरन जोशी (सामाजिक उद्यमकर्ता, तारा जोशी फाउंडेशन) तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल द्वारा बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता से किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान पुलिस लाइन परिसर में महिलाओं के लिए रंगोली व रचनात्मक प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस परिवार की महिलाओं व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। सरला चौधरी, प्रतीक्षा, मंत्री देवी, आयुष्मान पटेल, रानी कश्यप, सुनीता देवी, बिन्दु, इंदु, मोनी चौधरी, सुनीता, नीलम, आरती, रूपाली, सरिता, पिंकी, चारू व रोशनी ने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसे लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के साथ होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए।

कलीनगर में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का बड़े पर्दे पर होगा लाइव प्रसारण

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार /कलीनगर। क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। रविवार को होने वाले ICC Men's T20 World Cup के फाइनल मुकाबले में India national cricket team ¥õÚU New Zealand national cricket team के बीच होने वाला रोमांचक मैच कलीनगर की मेन मार्केट में बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। नगर पंचायत कलीनगर के चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती के सौजन्य से शाम 07¬00 बजे से मेन मार्केट में विशाल एलईडी स्क्रीन पर मैच का लाइव प्रसारण कराया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर और आसपास के क्षेत्रों के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजकों ने नगर व क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महत्वपूर्ण मुकाबले का आनंद लें और भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य खेल प्रेमियों को एक मंच पर जोड़ना और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। आयोजकों ने सभी लोगों से मेन मार्केट पहुंचकर मैच का लाइव प्रसारण देखने और टीम इंडिया का जोरदार समर्थन करने का आग्रह किया है।

अवैध खनन : रिछा क्षेत्र में रात के अंधेरे में हो रहा अवैध खनन, जिम्मेदार बने मौन

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / देवरनियां। थाना देवरनियां क्षेत्र में अवैध खनन का खेल वेखौफ जारी है। रात के अंधेरे में खनन माफिया अवैध खनन कर रहे हैं, इसमें उन्हें पुलिस की सरपस्ती भी हासिल है। मामले की शिकायत आला अफसरों से की गई है। साथ ही अवैध खनन के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहे हैं। थाना देवरनियां क्षेत्र में वसुपुरा, रिछा स्टेशन शराब भट्ठी के पास, रिछा बैंक आफ बडौदा, बकैनिया अड्डे के पास,दमखोदा,रिछा राइस मिल आदि स्थानों पर खनन माफिया

- ♦ आला अफसरों से शिकायत, अवैध खनन के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल।
